परिवार को एकता के सूत्र में पिरोती है नारी

'नारी शक्ति का अवतार है' विषय पर सेमिनार का आयोजन

चेन्नई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय महिलाओं द्वारा संचालित एक ऐसी संस्था है जो विगत 76 वर्षों से अध्यात्म के द्वारा मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाने की सेवा कर रही है। यहां दिए जा रहे सहज राजयोग के ज्ञान से लाखों लोगों ने अपना जीवन श्रेष्ठ बनाया है। इस संस्था की स्थापना सन् 1936 में सिंध पाकिस्तान में हुई थी। तब से यह संस्था समाज में नारियों को ऊंचा उठाने का कार्य कर रही है। और विश्व के सामने नारी को एक शक्ति व एक आदर्श के रूप में प्रस्तुत किया है। संस्था की प्लेटिनम जुबली व महिला दिवस के शुभ अवसर पर टी.नगर के पी.टी.त्यागराज हॉल में ''नारी शक्ति का अवतार है'' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसे सम्बोधित करते हुए ओ.आर.सी., गुड़गांव की संचालिका ब्र.कु.आशा ने कहा कि महिला हर गुण व शक्ति से भरपूर होने के कारण ही आज जितने भी नदियों के नाम हैं वो महिलाओं के नाम पर ही रखे गये हैं। इसलिए नारी को शिव-शक्ति के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि जिस परिवार में नारी का सम्मान नहीं होता है वह परिवार खुश नहीं रहता है। नारी वह धूरी है जिसके आस-पास उसका सारा परिवार घूमता है। और परिवार को एकता के सूत्र में पिरोकर रखती है। उन्होंने कहा कि आज यदि व्यक्ति लड़ता है तो उसका दु:ख भी महिलाओं को ही उठाना पड़ता है। इसलिए महिलाओं में सहनशक्ति, त्याग, प्यार और दूसरों को सहयोग देने की भावना जन्म से ही पायी जाती है। उन्होंने कहा कि आज जितने भी महापुरुष हुए हैं उनकी सफलता के पीछे महिलाओं की ही त्याग व समर्पणता की भावना है। जो मानव जीवन को श्रेष्ठ बना देती है। आज कोई भी ऐसा आध्यात्मिक विद्यालय नहीं है जहां कि मानव को मानव से प्यार करना सिखाये, स्वयं में गुणों को समाहित करने की कला सिखायें। इसलिए आज मानव जीवन मूल्यरहित होकर पतन के कगार पर पहुंच गया है। ऐसे समय में परमात्मा शिव इस धरा पर अवतरित होकर मानव जीवन को मूल्यों से सम्पन्न बनाने की कला सीखा रहे हैं। जिससे व्यक्ति आने वाली दुनिया के लायक बन सके। इस कार्यक्रम को आई.ए.एस. डॉ.उमा महेश्वरी, आई.पी.एस. डॉ.निथैया रामामोरथी, आई.आर.एस. आर.भाग्यादेवी, डॉ.अनुराधा गणेशन सहित अनेक अधिकारियों ने सम्बोधित किया। हैपी विलेज रिट्रीट सेंटर की ब्र.कु.कलावती ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। तमिलनाडु जोन की क्षेत्रीय संचालिका ब्र.कु.बिना ने संस्था का परिचय दिया व राजयोग मेडिटेशन के द्वारा सभी को गहन शांति की अनुभूति कराई। इस सेमिनार में चेन्नई के कई गणमान्य व्यक्तियों के अलावे अनेक महिला आई.ए.एस, आई.पी.एस. अधिकारी व अनेक डॉक्टर्स उपस्थित थे।

बड़ौत। सर्वधर्म सम्मेलन में उपस्थित हैं अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणी, मोहम्मद सलमान, फादर विक्टर पीटर, स्वामी अंगिरस मुनि, दादी कमलमणि, ब्र.कु.मनोरमा तथा अन्य।

सोलापूर। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.अब्दुल कलाम से आध्यात्मिक चर्चा करने के पश्चात् ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु.सोमप्रभा।

गोवा। मुख्यमंत्री मनोहर परिकर को ईश्वरीय संदेश देने के पश्चात् सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु.सुरेखा।

खरगोन। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ईश्वरीय संदेश देने के पश्चात् सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु.किरण।

बारामती। दीप प्रज्ज्वलित करते हुए नगराध्यक्षा जयश्री सातव, संगीता ढवाण, संतोष गालिंदे, ब्र.कु.उषा, ब्र.कु.पद्मा, ब्र.कु.करूणा।

सूरत। 'प्लेटिनम जुबली' के अवसर गुब्बारे उड़ाते हुए सांसद दर्शन जरोड, दक्षेश ठक्कर, अफ्रीका की ब्र.कु.प्रतिभा, ब्र.कु.चार्ली एवं ब्र.कु.मृत्युंजय।

रीवा। प्रसिद्ध संगीतज्ञ ओम व्यास को सम्मानित करते हुए उर्जा मंत्री व ब्र.कु.निर्मला साथ में हैं नारायण डिगवानी, ब्र.कु.अवधेश, ब्र.कु.विद्या।